

# NIOS PYQ's SOLUTIONS

PREVIOUS YEARS' QUESTIONS & ANSWERS



OCTOBER-2024

Your Path to Success

# SECTION - A

**1. संचार में चैनल का क्या अर्थ है?**

**(A) माध्यम या साधन**

**(B) रिसीवर**

**(C) टेक्स्ट**

**(D) प्रभाव**

**उत्तर -** (A) माध्यम या साधन

**2. भारतीय सिनेमा की पहली बोलती फिल्म थी।**

**(A) कालिया मर्दन**

**(B) राजा हरिश्चंद्र**

**(C) आलम आरा**

**(D) किसान कन्या**

**उत्तर -** (C) आलम आरा

**3. सन् 1975 में भारत ने टेलीविजन कार्यक्रमों के प्रसारण के लिए सैटेलाइट का इस्तेमाल किया, जिसे ____ के नाम से जाना जाता था।**

**(A) एस आई टी ई (SITE)**

**(B) डी टी एच (DTH)**

**(C) ए टी एस (ATS)**

**(D) उपरोक्त सभी**

**उत्तर -** (A) एस आई टी ई (SITE)

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**4. समाचार मूल्य (मान) में यह शामिल होना चाहिए:**

**(A) वस्तुनिष्ठता**

**(B) स्पष्टता**

**(C) समयबद्धता**

**(D) उपरोक्त सभी**

**उत्तर -** (D) उपरोक्त सभी

**5. ए आई आर (AIR) का दूसरा नाम ____ है।**

**(A) आकाशवाणी**

**(B) प्रसार भारती**

**(C) नेशनल भारती**

**(D) इनमें से कोई नहीं**

**उत्तर -** (A) आकाशवाणी

**6. रेडियो मिर्ची, रेडियो मैंगो को ____ माना जाता है।**

**(A) सार्वजनिक प्रसारण चैनल**

**(B) निजी प्रसारण**

**(C) सामुदायिक रेडियो**

**(D) उपरोक्त सभी**

**उत्तर -** (B) निजी प्रसारण

**7. रेडियो को निष्क्रिय मीडिया क्यों माना जाता है?**

**(A) रेडियो श्रव्य माध्यम है।**

**(B) रेडियो लोग सुनते हुए कई काम करते हैं।**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(C) यह देखने में रुचि नहीं जगाता।**

**(D) उपरोक्त सभी**

**उत्तर -** (D) उपरोक्त सभी

**8. विज्ञापन ____ वस्तुओं, विचारों या सेवाओं के प्रचार का एक रूप है।**

**(A) चुकाया गया**

**(B) गैर भुगतान**

**(C) लक्षित**

**(D) इनमें से कोई नहीं**

**उत्तर -** (A) चुकाया गया

**9. जो काम कॉपीराइटर के लिए जिंगल्स लिखना है, वही काम विजुअलाइज़र के लिए ____ डिजाइन करना है।**

**(A) स्लोगन**

**(B) विपणन**

**(C) मीडिया नियोजन**

**(D) ग्राफिक्स**

**उत्तर -** (D) ग्राफिक्स

**10. जनसंपर्क में संचार के तीन प्रगतिशील स्तर हैं:**

**(A) जागरूकता, स्वीकृति और कार्रवाही**

**(B) जागरूकता, ध्यान और छोड़ना**

**(C) आकर्षित करना, संलग्न करना और प्रतिक्रिया देना**

**(D) इनमें से कोई नहीं**

**उत्तर -** (A) जागरूकता, स्वीकृति और कार्रवाही

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**11. निम्नलिखित में से कौन-सा संगठन केंद्र सरकार में सभी मीडिया प्रचार और अभियान के लिए जिम्मेदार है?**

**(A) पी आई बी (PIB)**

**(B) डी ए वी पी (DAVP)**

**(C) ए आई आर (AIR)**

**(D) इनमें से कोई नहीं**

**उत्तर -** (B) डी ए वी पी (DAVP)

**12. एन एफ डी सी (NFDC) सरकारी जनसंपर्क के लिए जनसंचार माध्यम के रूप में ____ का उपयोग करता है।**

**(A) फिल्म**

**(B) प्रिंट**

**(C) टेलीविज़न**

**(D) रेडियो**

**उत्तर -** (A) फिल्म

**13. सार्वजनिक पुस्तकालयों की स्थापना और सार्वजनिक कार्यक्रमों को प्रायोजित करना ____ के उपकरण हैं।**

**(A) मीडिया संबंध**

**(B) कर्मचारी संबंध**

**(C) सामुदायिक संबंध**

**(D) उपरोक्त सभी विकल्प**

**उत्तर -** (C) सामुदायिक संबंध

**14. निम्नलिखित में से कौन-सा नए मीडिया प्लेटफॉर्म का उदाहरण है?**

**(A) ई-पुस्तकालय**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(B) वेबसाइट**

**(C) ब्लॉग**

**(D) उपरोक्त सभी**

**उत्तर -** (D) उपरोक्त सभी

**15. नीचे दी गई विशेषताओं में से कौन-सी विशेषता समाचार पत्र के पत्रिका अनुभाग में प्रकाशित फीचर को परिभाषित करती है?**

**(A) वे विस्तृत और ऋणी हैं।**

**(B) वे छोटे और स्पष्ट हैं।**

**(C) वे छोटे और सरल हैं।**

**(D) उपरोक्त सभी**

**उत्तर -** (A) वे विस्तृत और ऋणी हैं।

**वैकल्पिक मॉड्यूल - A (पारंपरिक माध्यम)**

**16. निम्नलिखित में से कौन-सा एक पारंपरिक मीडिया रूप नहीं है?**

**(A) तमाशा**

**(B) जात्रा**

**(C) एनीमेशन फिल्म**

**(D) कठपुतली**

**उत्तर -** (C) एनीमेशन फिल्म

**वैकल्पिक मॉड्यूल - B (फोटो पत्रकारिता)**

**16. निम्नलिखित में से किस प्रकार की फोटो पत्रकारिता में किसी क्षेत्र के परिदृश्य, लोगों, संस्कृतियों, रीति-रिवाजों और इतिहास का दस्तावेजीकरण शामिल है?**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(A) यात्रा पत्रकारिता**

**(B) स्पॉट न्यूज़ पत्रकारिता**

**(C) ग्लेमर पत्रकारिता**

**(D) वॉर पत्रकारिता**

**उत्तर -** (A) यात्रा पत्रकारिता

# SECTION - B

**17. समाचार को पढ़ने लायक बनाने के लिए रिपोर्टर को स्पष्टता, ____ और ____ के साथ लिखना चाहिए।**

**(A) वस्तुनिष्ठता और सटिकता**

**(B) इमोजी और प्रतीक**

**(C) विनम्रता और पक्षपात**

**(D) इनमें से कोई नहीं**

**उत्तर -** (A) वस्तुनिष्ठता और सटिकता

**18. ____ और ____ वे स्रोत हैं जिनके माध्यम से रिपोर्टर समाचार एकत्र करता है।**

**(A) पुलिस स्टेशन और अस्पताल**

**(B) पुस्तकें और पत्रिकाएँ**

**(C) फिल्म और धारावाहिक**

**(D) इनमें से कोई नहीं**

**उत्तर -** (A) पुलिस स्टेशन और अस्पताल

**19. रेडियो डाक्यूमेंट्री ____ और ____ घटनाओं पर आधारित होती हैं।**

**(A) सत्य और वास्तविक**

**(B) मनोरंजन और काल्पनिक**

**(C) क्रिया और ध्वनि**

**(D) इनमें से कोई नहीं**

**उत्तर -** (A) सत्य और वास्तविक

**20. निम्नलिखित में से कौन-से विज्ञान और प्रकृति से संबंधित चैनल हैं?**

**(A) नेशनल ज्योग्राफ़िक और डिस्कवरी**

**(B) जी न्यूज और स्टार प्लस**

**(C) एम टी वी और चैनल V**

**(D) उपरोक्त सभी**

**उत्तर -** (A) नेशनल ज्योग्राफ़िक और डिस्कवरी

**21. टेलीविजन ____ करता है और ____ फैलाता है, जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण, प्रदूषण जैसे सामाजिक मुद्दों के बारे में।**

**(A) सूचना और जागरूकता**

**(B) मनोरंजन करना और ध्यान भटकाना**

**(C) ध्यान भटकाना और एकाग्रता भंग करना**

**(D) इनमें से कोई नहीं**

**उत्तर -** (A) सूचना और जागरूकता

**22. ____ और ____ टेलीविजन प्रसारण में उभरते रूझान हैं।**

**(A) आई पी टी वी (IPTV) और मोबाइल टी वी प्रसारण**

**(B) नेटफ्लिक्स और मिनी टी वी**

**(C) उपरोक्त सभी**

**(D) इनमें से कोई नहीं**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

उत्तर - (A) आई पी टी वी (IPTV) और मोबाइल टी वी प्रसारण

**23. ____ और ____ प्री-प्रोडक्शन चरण का हिस्सा है।**

**(A) विचार सृजन और पटकथा**

**(B) संपादन और शूटिंग**

**(C) कैमरा और रिकॉर्डिंग**

**(D) उपरोक्त सभी**

उत्तर - (A) विचार सृजन और पटकथा

**24. ____ और ____ का उपयोग शिक्षाविदों द्वारा अनुसंधान और अध्ययन के उद्देश्य से किया जाता है।**

**(A) ऑनलाइन लाइब्रेरी, ई-लर्निंग**

**(B) ब्लॉग और सोशल साइट्स**

**(C) उपरोक्त सभी**

**(D) इनमें से कोई नहीं**

उत्तर - (A) ऑनलाइन लाइब्रेरी, ई-लर्निंग

**25. ____ और ____ युवाओं के लिए नए मीडिया के दुष्प्रभाव हैं।**

**(A) सूचना थकान और समय लेने वाली प्रक्रिया**

**(B) ध्यान अवधि की कमी, मनोरंजक**

**(C) ट्रोलिंग और साइबर बुलिंग**

**(D) उपरोक्त सभी**

उत्तर - (D) उपरोक्त सभी

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**वैकल्पिक मॉड्यूल - A (पारंपरिक माध्यम)**

**26. रिक्त स्थान भरिए:**

**रेडियो के लिए ____ और एक ____ सिग्नल प्राप्त करने के लिए आवश्यक है।**

**उत्तर -** रेडियो रिसीवर, टावर।

**वैकल्पिक मॉड्यूल - B (फोटो पत्रकारिता)**

**26. रिक्त स्थान भरिए :**

**फोटो फीचर को _______ भी कहा जाता है। है। यह _______ का उपयोग करके बताई गई कहानी या निबंध है।**

**उत्तर -** फोटो निबंध, फोटोग्राफों

**वैकल्पिक मॉड्यूल - A (पारंपरिक माध्यम)**

**27. सही/गलत बताइए:**

**(A) पारंपरिक मीडिया के पास प्रदर्शन को संग्रहित करने की सीमित गुंजाइश है।**

**(B) पारंपरिक मीडिया में जनसाधारण की संचार आवश्यकताओं के अनुरूप विविध प्रकार के रूप और विषय उपलब्ध हैं।**

**उत्तर -**

**(A)** सही

**(B)** सही

**वैकल्पिक मॉड्यूल - B (फोटो पत्रकारिता)**

**27. रिक्त स्थान भरिए :**

**_________ का मुख्य कार्य दर्शक को एक ऐसी छवि देना है जो _________ हो और अपने लिए स्वयं बोलती हो।**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**उत्तर -** फोटो पत्रकार, प्रभावशाली

**वैकल्पिक मॉड्यूल - A (पारंपरिक माध्यम)**

**28. कोष्ठक में दिए गए विकल्पों में से उपयुक्त शब्दों का प्रयोग करके रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:**

**संदेश फैलाने के लिए पारंपरिक मीडिया का उपयोग करते समय सावधानी बरतनी चाहिए ताकि ________ से________ से, शैली और प्रस्तुति में कोई गड़बड़ी न हो। (मिश्रण / विरूपण / समकालीन / मूल)**

**उत्तर –** विरूपण, मूल

**वैकल्पिक मॉड्यूल - B (फोटो पत्रकारिता)**

**28. मिलान कीजिए:**

| **(अ)** | **(ब)** |
|---|---|
| **(i) संयोजन** | **(a) विषय को चित्र फ्रेम में बुद्धिमानी से रखना** |
| **(ii) कैमरा एंगल** | **(b) बुद्धिमानी से, चित्र को अधिक प्रभावी बनाने के लिए कैमरे को रखना** |

**उत्तर -**

| | |
|---|---|
| (i) संयोजन | (a) विषय को चित्र फ्रेम में बुद्धिमानी से रखना |
| (ii) कैमरा एंगल | (b) बुद्धिमानी से, चित्र को अधिक प्रभावी बनाने के लिए कैमरे को रखना |

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

# SECTION - C

**29. हम जनसंचार को सरलतम तरीके से कैसे परिभाषित कर सकते हैं?**

उत्तर - जनसंचार का अर्थ है- बड़ी संख्या में अज्ञात और विविध लोगों तक तकनीक (जैसे- रेडियो, टीवी, समाचार पत्र) के माध्यम से जानकारी, विचार या संदेश पहुँचाना। सरल शब्दों में, जब हम किसी एक माध्यम से एक साथ लाखों लोगों से बात करते हैं, तो उसे जनसंचार कहते हैं।

**30. जनसंचार माध्यम के किन्हीं दो रूपों का उदाहरण सहित वर्णन कीजिए।**

उत्तर - **जनसंचार माध्यम के दो प्रमुख रूप :**

**1. मुद्रित माध्यम :** मुद्रित माध्यम में समाचार पत्र, पत्रिकाएँ और पुस्तकें शामिल होती हैं। इनके माध्यम से लोगों तक समाचार, ज्ञान और जानकारी पहुँचाई जाती है। उदाहरण : दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, इंडिया टुडे।

**2. इलेक्ट्रॉनिक माध्यम :** इलेक्ट्रॉनिक माध्यम में रेडियो और टेलीविजन आते हैं। इनके माध्यम से ध्वनि तथा चित्रों के द्वारा सूचना, शिक्षा और मनोरंजन प्रदान किया जाता है। उदाहरण : आकाशवाणी (AIR), दूरदर्शन (DD News)।

**31. रेडियो स्टेशन में केन्द्र अभियन्ता और रेडियो उद्घोषक की भूमिका का वर्णन कीजिए।**

उत्तर - **रेडियो स्टेशन में केन्द्र अभियन्ता और रेडियो उद्घोषक की भूमिका :**

**1. केन्द्र अभियन्ता :** केन्द्र अभियन्ता रेडियो स्टेशन के सभी तकनीकी कार्यों का प्रमुख होता है। वह प्रसारण उपकरणों का रखरखाव करता है, तकनीकी खराबियों को दूर करता है तथा प्रसारण की गुणवत्ता सुनिश्चित करता है।

**2. रेडियो उद्घोषक :** रेडियो उद्घोषक कार्यक्रमों का संचालन करता है। वह समाचार, घोषणाएँ, गीत, साक्षात्कार और अन्य कार्यक्रमों को स्पष्ट, प्रभावशाली तथा शुद्ध भाषा में श्रोताओं तक पहुँचाता है।

**32. रेडियो वार्ता शो बनाते समय ध्यान में रखे जाने वाले किन्हीं चार कारकों को सूचीबद्ध कीजिए।**

उत्तर - **रेडियो वार्ता शो बनाते समय ध्यान में रखे जाने वाले चार कारक :**

**1. विषय का उचित चयन :** विषय श्रोताओं की रुचि और आवश्यकता के अनुसार होना चाहिए।

**2. सरल एवं स्पष्ट भाषा :** वार्ता में ऐसी भाषा का प्रयोग होना चाहिए जिसे सभी श्रोता आसानी से समझ सकें।

**3. समय का ध्यान :** कार्यक्रम निर्धारित समय के भीतर पूरा होना चाहिए।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**4. प्रभावशाली प्रस्तुति :** वक्ता की आवाज़ स्पष्ट, आत्मविश्वासपूर्ण और आकर्षक होनी चाहिए, ताकि श्रोताओं की रुचि बनी रहे।

**33. उद्यमी पूंजीपति को परिभाषित कीजिए और एक उदाहरण भी दीजिए।**

**उत्तर -** उद्यमी पूंजीपति वे निवेशक होते हैं जो नई और जोखिम भरी कंपनियों (स्टार्टअप्स) में अपना पैसा लगाते हैं, क्योंकि उन्हें भविष्य में उन कंपनियों के बढ़ने की उम्मीद होती है। **उदाहरण :** यदि कोई व्यक्ति किसी नई तकनीक या नए ऐप बनाने वाली छोटी कंपनी में शुरुआती तौर पर निवेश करता है, तो वह उद्यमी पूंजीपति कहलाता है।

**वैकल्पिक मॉड्यूल - A (पारंपरिक माध्यम)**

**34. निम्नलिखित में से किसी एक पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :**

**(i) प्रदर्शन**

**(ii) कठपुतली**

**उत्तर -**

**(i) प्रदर्शन :** प्रदर्शन पारंपरिक माध्यम का एक प्रभावी रूप है। इसमें किसी कार्य, तकनीक या विचार को लोगों के सामने करके दिखाया जाता है (जैसे- कृषि की नई तकनीकें या स्वास्थ्य संबंधी सावधानियाँ)। यह दर्शकों को व्यावहारिक ज्ञान देता है और उन्हें जटिल विषयों को आसानी से समझने में मदद करता है।

**(ii) कठपुतली :** कठपुतली कला सदियों से भारत का एक लोकप्रिय मनोरंजन और संचार माध्यम रहा है। इसमें धागों या हाथों की मदद से कठपुतलियों को नचाया जाता है और एक कहानी सुनाई जाती है। इसके माध्यम से समाज में व्याप्त बुराइयों, शिक्षा और नैतिक मूल्यों के बारे में लोगों को बहुत ही मनोरंजक ढंग से जागरूक किया जाता है।

**35. (i) हम लचीलेपन को पारंपरिक माध्यम का एक महत्वपूर्ण कारक क्यों मानते हैं?**

**उत्तर -** पारंपरिक माध्यम को लचीला इसलिए माना जाता है क्योंकि इसे स्थान, समय, भाषा और दर्शकों की आवश्यकता के अनुसार आसानी से बदला जा सकता है। कलाकार प्रस्तुति के दौरान स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार संवाद, गीत और उदाहरण जोड़ सकते हैं। इससे संदेश अधिक प्रभावशाली, रोचक और लोगों के लिए आसानी से समझने योग्य बन जाता है।

**अथवा**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(ii) उन स्थितियों को सूचीबद्ध कीजिए जहाँ पारंपरिक संचार होता है।**

**उत्तर - पारंपरिक संचार होने की प्रमुख स्थितियाँ :**

1. **धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में –** जैसे रामलीला, रासलीला और लोक उत्सव।

2. **सामाजिक जागरूकता अभियानों में –** जैसे स्वच्छता, स्वास्थ्य और शिक्षा संबंधी अभियान।

3. **ग्रामीण मेलों और त्योहारों में –** लोकगीत, लोकनृत्य और कठपुतली के माध्यम से।

4. **सरकारी योजनाओं के प्रचार में –** लोगों तक विकास और जनहित के संदेश पहुँचाने के लिए।

**वैकल्पिक मॉड्यूल - B / Optional Module - B (फोटो पत्रकारिता)**

**34. किसी समाचार पत्र या पत्रिका में फोटो फीचर प्रकाशित करने की प्रक्रिया का संक्षेप में वर्णन कीजिए।**

**उत्तर -** समाचार पत्र या पत्रिका में फोटो फीचर प्रकाशित करने की प्रक्रिया :

- **विषय का चयन :** सबसे पहले एक रोचक विषय चुना जाता है।
- **चित्रण :** विषय से जुड़ी विविध और प्रभावशाली तस्वीरें ली जाती हैं
- **चयन :** फोटो संपादक द्वारा कहानी को पूरा करने वाली सर्वश्रेष्ठ तस्वीरें चुनी जाती हैं।
- **संपादन और क्रम :** तस्वीरों को एक क्रम में लगाया जाता है ताकि वे एक कहानी (कहने का क्रम) बना सकें।
- **कैप्शन :** हर फोटो के नीचे उसका संक्षिप्त विवरण दिया जाता है।
- **लेआउट :** अंत में, तस्वीरों को अखबार या पत्रिका के पृष्ठ पर आकर्षक ढंग से सजाकर प्रकाशित किया जाता है।

**35. (i) फोटो पत्रकार कौन होते हैं?**

**उत्तर -** फोटो पत्रकार वे पेशेवर होते हैं जो महत्वपूर्ण घटनाओं, समाचारों और सामाजिक मुद्दों की तस्वीरें खींचकर उन्हें समाचार माध्यमों (जैसे- अखबार, पत्रिका, वेबसाइट) के लिए उपलब्ध कराते हैं। इनका काम तस्वीरों के जरिए घटना की सच्चाई को दुनिया के सामने लाना होता है।

**अथवा**

**(ii) वन्यजीव फोटो पत्रकारिता से क्या अभिप्राय है?**

**उत्तर -** वन्यजीव फोटो पत्रकारिता के अंतर्गत जंगली जानवरों, पक्षियों और उनके प्राकृतिक आवास (जंगल, आदि) की तस्वीरें ली जाती हैं। इसका उद्देश्य वन्यजीवों के जीवन, उनके व्यवहार और प्रकृति के प्रति लोगों में जागरूकता और संरक्षण की भावना पैदा करना है।

**36. समाचार मूल्य में समयबद्धता, निकटता और प्रभाव के महत्व का वर्णन कीजिए।**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**उत्तर - समाचार मूल्य में समयबद्धता, निकटता और प्रभाव के महत्व :**

- **समयबद्धता :** जो घटना जितनी हाल ही में घटी है, उसका समाचार मूल्य उतना ही अधिक होता है।
- **निकटता :** लोग उन खबरों में ज्यादा रुचि लेते हैं जो उनके क्षेत्र या समाज से जुड़ी होती हैं।
- **प्रभाव :** घटना का लोगों की जिंदगी पर कितना बड़ा असर पड़ रहा है, वही उसका महत्व तय करता है।

**37. (i) हार्ड न्यूज और सॉफ्ट न्यूज में क्या अंतर है?**

**उत्तर - हार्ड न्यूज और सॉफ्ट न्यूज में अंतर :**

| हार्ड न्यूज | सॉफ्ट न्यूज |
|---|---|
| 1. यह गंभीर और महत्वपूर्ण घटनाओं पर आधारित होती है। | यह मनोरंजन, जीवनशैली और रुचिकर विषयों पर आधारित होती है। |
| 2. न्यूज तुरंत प्रकाशित करना आवश्यक होता है। | इसे बाद में भी प्रकाशित किया जा सकता है। |
| 3. उदाहरण: चुनाव, दुर्घटना, प्राकृतिक आपदा। | उदाहरण: फिल्म, खेल, यात्रा, फैशन। |

**अथवा**

**(ii) रिपोर्टिंग के बारे में किन्हीं तीन बुनियादी तथ्यों का उदाहरण सहित उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर - रिपोर्टिंग के बारे में तीन बुनियादी तथ्य और उनके उदाहरण निम्नलिखित हैं:**

- **तथ्य जुटाना :** रिपोर्टिंग का अर्थ साक्षात्कार, अवलोकन और जांच के माध्यम से वास्तविक जानकारी एकत्र करना है। *उदाहरण:* एक रिपोर्टर बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में जाकर पीड़ितों से बात करता है।
- **संपादकीय कार्य :** रिपोर्टर्स अपने संपादकों द्वारा दिए गए विशिष्ट कार्यों या विषयों पर काम करते हैं। *उदाहरण:* संपादक एक खेल रिपोर्टर को राष्ट्रीय क्रिकेट मैच कवर करने की जिम्मेदारी सौंपता है।
- **सटीकता और निष्पक्षता:** समाचार हमेशा बिना किसी व्यक्तिगत भेदभाव के और पूरी तरह सटीक होना चाहिए। *उदाहरण:* किसी दुर्घटना में हताहतों की वास्तविक संख्या बताना, सनसनी फैलाने के लिए बढ़ा-चढ़ाकर न लिखना।

**38. निम्नलिखित में से किसी एक पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :**

**(i) सामुदायिक रेडियो**

**(ii) निजी रेडियो स्टेशन**

**उत्तर -**

**(i)** सामुदायिक रेडियो स्थानीय समुदाय द्वारा संचालित रेडियो सेवा है। इसका उद्देश्य स्थानीय लोगों की समस्याओं, आवश्यकताओं, शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास से संबंधित जानकारी देना होता है। इसमें स्थानीय भाषा और संस्कृति को विशेष महत्व दिया जाता है। उदाहरण: कृषि विश्वविद्यालय द्वारा किसानों के लिए प्रसारित रेडियो कार्यक्रम।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(ii)** निजी रेडियो स्टेशन निजी कंपनियों द्वारा संचालित किए जाते हैं। इनका मुख्य उद्देश्य मनोरंजन, संगीत, समाचार और विज्ञापनों के माध्यम से श्रोताओं को आकर्षित करना होता है। उदाहरण: रेडियो मिर्ची, रेड एफएम।

**39. विज्ञापन एजेंसियों में बाजार अनुसंधान और मीडिया नियोजन का क्या महत्व है?**

**उत्तर - विज्ञापन एजेंसियों में बाजार अनुसंधान और मीडिया नियोजन का महत्व :**

- **बाजार अनुसंधान :** बाजार अनुसंधान के माध्यम से ग्राहकों की पसंद, नापसंद, आवश्यकताओं और खरीदने की आदतों की जानकारी प्राप्त की जाती है। इससे सही उत्पाद, प्रभावी विज्ञापन और उचित लक्षित उपभोक्ता का चयन करने में सहायता मिलती है।
- **मीडिया नियोजन :** मीडिया नियोजन में यह तय किया जाता है कि विज्ञापन किस माध्यम (टीवी, रेडियो, समाचार-पत्र, इंटरनेट आदि), किस समय और किस स्थान पर प्रसारित किया जाए। इससे कम लागत में अधिक से अधिक लोगों तक विज्ञापन प्रभावी ढंग से पहुँचता है।

**40. जनसंपर्क के कोई तीन उद्देश्य सूचीबद्ध कीजिए।**

**उत्तर - जनसंपर्क के तीन उद्देश्य**

1. **संगठन की सकारात्मक छवि बनाना:** जनसंपर्क का मुख्य उद्देश्य जनता के बीच संस्था या संगठन के प्रति एक विश्वास और सम्मान का भाव पैदा करना है।
2. **गलतफहमियों को दूर करना:** किसी भी संस्था के बारे में जनता के मन में मौजूद भ्रांतियों या गलत सूचनाओं को स्पष्ट और सटीक जानकारी देकर दूर करना जनसंपर्क का कार्य है।
3. **आपसी समझ को बढ़ावा देना:** संगठन और जनता के बीच एक स्वस्थ संवाद स्थापित करना ताकि दोनों पक्षों में आपसी समझ और बेहतर संबंध बने रहें।

**41. युवाओं को आकर्षित करने के लिए न्यू मीडिया के किन्हीं तीन रचनात्मक कारकों को सूचीबद्ध कीजिए।**

**उत्तर - न्यू मीडिया के तीन रचनात्मक कारक :**

**1. कहानी कहने की आकर्षक शैली :** न्यू मीडिया में जानकारी को कहानी के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, जिससे युवाओं की रुचि बनी रहती है और वे सामग्री को आसानी से समझते हैं।

**2. मल्टीमीडिया सामग्री :** इसमें वीडियो, ऑडियो, चित्र, एनीमेशन और ग्राफिक्स का उपयोग किया जाता है, जिससे सामग्री अधिक आकर्षक और रोचक बनती है।

**3. त्वरित और आसान पहुँच :** युवा मोबाइल या इंटरनेट के माध्यम से कभी भी और कहीं भी अपनी पसंद की जानकारी और मनोरंजन आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**42. टेलीविज़न के किन्हीं दो सकारात्मक और दो नकारात्मक प्रभावों का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर - टेलीविज़न के दो सकारात्मक और दो नकारात्मक प्रभाव :**

**सकारात्मक प्रभाव :**

**1. शिक्षा एवं ज्ञान में वृद्धि :** टेलीविज़न के माध्यम से शैक्षिक कार्यक्रम, समाचार और वृत्तचित्र देखकर लोगों के ज्ञान और जागरूकता में वृद्धि होती है।

**2. सूचना एवं मनोरंजन :** टेलीविज़न लोगों को देश-विदेश की ताज़ा जानकारी देने के साथ-साथ विभिन्न मनोरंजन कार्यक्रम भी उपलब्ध कराता है।

**नकारात्मक प्रभाव :**

**1. समय की बर्बादी :** लंबे समय तक टेलीविज़न देखने से पढ़ाई, काम और अन्य आवश्यक गतिविधियों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

**2. स्वास्थ्य एवं व्यवहार पर प्रभाव :** अधिक समय तक टीवी देखने से आँखों पर दबाव पड़ता है तथा हिंसक या अनुचित कार्यक्रम बच्चों और युवाओं के व्यवहार पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं।

**वैकल्पिक मॉड्यूल - A (पारंपरिक माध्यम)**

**43. (i) हम पारंपरिक माध्यम को अंतर-सांस्कृतिक संचार के लिए प्रभावी साधन क्यों मानते हैं? उदाहरण दीजिए।**

**उत्तर - पारंपरिक माध्यम को अंतर-सांस्कृतिक संचार के लिए एक प्रभावी साधन माना जाता है, क्योंकि:**

- **सांस्कृतिक साझीदारी :** पारंपरिक माध्यम जैसे लोक-नाट्य, नृत्य, और लोक-गीत अपनी जड़ों से जुड़े होते हैं। ये माध्यम मानवीय संवेदनाओं पर आधारित होते हैं जो भाषा की बाधाओं को पार कर आसानी से दूसरी संस्कृति के लोगों के दिल को छू लेते हैं।
- **सरलता और मनोरंजन:** इनकी प्रस्तुति का तरीका सरल और मनोरंजक होता है, जिससे किसी दूसरी संस्कृति के लोग बिना किसी मानसिक दबाव के दूसरे की संस्कृति को समझने के लिए प्रेरित होते हैं।
- **लोक-संपर्क:** पारंपरिक माध्यम किसी समाज की जीवनशैली और मूल्यों का दर्पण होते हैं। जब एक संस्कृति का लोक-प्रसारण (जैसे- कठपुतली या लोक-नृत्य) दूसरी संस्कृति में प्रदर्शित होता है, तो लोग स्वतः ही उन मूल्यों और संदेशों को सीखने के लिए आकर्षित होते हैं।

**उदाहरण:** "भांगड़ा या घूमर जैसे लोक-नृत्य जब दूसरे राज्यों में दिखाए जाते हैं, तो लोग बिना भाषा समझे ही उस संस्कृति के संगीत, पहनावे और रीति-रिवाजों को आसानी से समझ लेते हैं।"

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**अथवा**

**(ii) पारंपरिक माध्यम के कोई चार लाभ बताइए जो उन्हें इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से अलग करते हैं। उदाहरण दीजिए।**

**उत्तर - पारंपरिक माध्यम के वे चार लाभ जो उन्हें इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से विशिष्ट बनाते हैं:**

1. **कम लागत :** पारंपरिक माध्यमों में महंगी तकनीक, बिजली या इंटरनेट की आवश्यकता नहीं होती। यह बहुत कम खर्च में आयोजित किए जा सकते हैं।
2. **व्यक्तिगत जुड़ाव :** इनमें कलाकार और दर्शक आमने-सामने होते हैं, जिससे भावनात्मक जुड़ाव अधिक गहरा होता है।
3. **सरलता और सुगमता :** इनके लिए किसी विशेष साक्षरता या तकनीकी ज्ञान की आवश्यकता नहीं होती; अनपढ़ लोग भी इन्हें आसानी से समझ सकते हैं।
4. **स्थानीय संस्कृति :** पारंपरिक माध्यम स्थानीय भाषा, रीति-रिवाज और संस्कृति के अनुरूप होते हैं, इसलिए लोग इन्हें आसानी से समझते हैं।

**वैकल्पिक मॉड्यूल - B (फोटो पत्रकारिता)**

**43. (i) नैतिकता का क्या अर्थ है? एक फोटो पत्रकार के लिए मूल नैतिकता क्या मानी जाती है?**

**उत्तर -** फोटो पत्रकारिता के संदर्भ में नैतिकता का अर्थ है कि एक फोटो पत्रकार को घटना को उसके वास्तविक रूप में प्रस्तुत करना चाहिए।

**एक फोटो पत्रकार के लिए मूल नैतिकता :** फोटो पत्रकारिता में एक चित्र को 'हजार शब्दों की ताकत' वाला माना जाता है, इसलिए इसकी मूल नैतिकता यह है कि तस्वीर के साथ कोई छेड़छाड़ न की जाए और उसे इस तरह फ्रेम या संयोजित न किया जाए कि वह सच्चाई को बदल दे। एक फोटो पत्रकार का मुख्य कर्तव्य घटना को वैसा ही दिखाना है जैसी वह वास्तव में है, ताकि देखने वाला सही अर्थ समझ सके।

**अथवा**

**(ii) समाचार पत्र में चित्र का चयन करते समय फोटो संपादक द्वारा ध्यान में रखे जाने वाले बिंदुओं का संक्षेप में वर्णन कीजिए।**

**उत्तर - समाचार पत्र में चित्र का चयन करते समय फोटो संपादक द्वारा ध्यान में रखे जाने वाले प्रमुख बिंदु :**

- **स्थिति की स्पष्टता :** फोटो संपादक का मुख्य कार्य उन चित्रों का चयन करना है जो उस स्थिति को सबसे अच्छी तरह से स्पष्ट कर सकें।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

- **प्रभावशीलता (संयोजन) :** संपादक यह देखता है कि विषय को इतने बुद्धिमानीपूर्ण तरीके से फ्रेम किया गया हो कि वह देखने वाले पर गहरा प्रभाव छोड़े।
- **कहानी का प्रवाह (क्रमबद्धता) :** फोटो संपादक चित्रों को इस तरह से क्रमबद्ध करता है कि वे एक-दूसरे से संबंधित लगें और एक कहानी या निबंध का रूप ले सकें।
- **सर्वश्रेष्ठ चयन :** फोटो संपादक के पास यह उत्तरदायित्व होता है कि वह उन सर्वश्रेष्ठ चित्रों का चयन करे जो पूरी स्थिति को आसानी से समझा सकें।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

# Thank you!

We hope you found this material helpful. We wish you the very best for your examination.

Strive for Excellence – Your Path to Success